एमपी को मेडिकल हब बनाएंगे : शुक्ल

गांधी मेडिकल कॉलेज में सफल किडनी ट्रांसप्लांट पर डॉक्टरों को दी बधाई

भोपाल, 20 नवंबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गांधी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत योजना के तहत सफल गुर्दा प्रत्यारोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) के लिये पूरी टीम को बधाई दी है.

उन्होंने कहा कि यह सफल प्रत्यारोपण न केवल प्रदेश में टर्शियरी हेल्थ केयर को नई दिशा देगा. मध्य प्रदेश को हेल्थकेयर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का सहज प्रदाय शासन की प्राथमिकता है.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से प्रदेश में गरीब और वंचित परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है. गंभीर बीमारियों का इलाज और महंगे ऑपरेशन अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी संभव हो गए हैं. यह योजना न केवल बीमारियों के इलाज का साधन है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का एक मजबूत आधार भी है.

गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता सिंह ने बताया कि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए मरीज, 49 वर्षीय मनुज कुमार (परिवर्तित नाम), लंबे समय से किडनी रोग से पीड़ित थे. उन्हें दो वर्ष पहले हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के दौरान किडनी की आनुवांशिक बीमारी ADPKD (Adult Polycystic Kidney Disease) का पता चला था. 6 महीने पहले उन्हें डायलिसिस पर रखा गया. डीन डॉ. सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी कमला (परिवर्तित नाम) ने साहस दिखाते हुए अपनी एक किडनी दान कर उन्हें नया जीवन दिया.

> डीन डॉ. सिंह ने बताया कि प्रत्यारोपण में लेप्रोस्कोपिक पद्धति से सर्जरी की गई है. इस पद्धति से ऑपरेशन के कम असुविधा होती है और डोनर जल्दी स्वस्थ हो जाता है. यह सफल प्रत्यारोपण किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आर. आर. बर्डे, प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. सौरभ जैन (विभागाध्यक्ष, यूरोलॉजी), डॉ. अमित जैन, डॉ. समीर व्यास, डॉ. नरेंद्र कुर्मी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. आर. पी. कौशल (विभागाध्यक्ष, निश्चेतना), डॉ. बृजेश कौशल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. असीम सहित नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल टीम ने किया.

महिलाओं ने किया भक्तामर का पाठ

भोपाल, 20 नवंबर. श्री महावीर महिला महासंघ टीनशेड जैन मंदिर का दीपावली मिलन समारोह हुआ. सभी महिलाओं ने श्री महावीर जिनालय में विश्व शांति की कामना के साथ नवकार महामंत्र व भक्तामर का पाठ किया. दीपावली मिलन समारोह में सभी महिलाएं लक्ष्मी जी के रूप में शामिल हुईं. इस दौरान नृत्य, गायन, तंबोला सहित मनोरंजक गेम्स हुए. कार्यक्रम में अध्यक्ष भारती जैन, सचिव सुनीता डी के जैन, विनिता, प्राची आदि महिलाएं उपस्थित थीं.

द साबरमती रिपोर्ट फिल्म घटना की सत्यता को लाती है सामने : सीएम

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीडी शर्मा ने देखी फिल्म
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा टैक्स फ्री करना सराहनीय

भोपाल, 20 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फिल्म द साबरमती रिपोर्ट इतिहास के काले अध्याय को सामने लाती है. यह फिल्म वर्ष 2002 में गुजरात के गोधरा में हुई घटना की सत्यता को सामने लाती है. फिल्म वास्तविक तथ्यों पर फिल्माई गई है. फिल्म, उन 59 कारसेवकों के बलिदान की जानकारी देती है जिसे उस दौर में गलत बताया गया था.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फिल्म को मध्यप्रदेश शासन द्वारा करमुक्त किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में फिल्मांकन की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण स्थान हैं. प्रदेश सरकार की नीतियां भी फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने वाली हैं. फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के निर्माता साधुवाद के पात्र हैं, जिन्होंने इस फिल्म का निर्माण कर आज की पीढ़ी को 22 वर्ष पुरानी घटना की सच्चाई बताने का कार्य किया है.

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म को टैक्स फ्री करने का सराहनीय निर्णय लिया है. फिल्म के निर्माता अंशुल मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म को समर्थन दिया है. इसके लिए फिल्म की पूरी यूनिट उनकी आभारी हैं. फिल्म के नायक विक्रांत मैसी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जानकारी होना चाहिए. एकता कपूर ने इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को सामने लाने का कार्य किया है. फिल्म की नायिका राशि खन्ना ने कहा कि मध्यप्रदेश में भोपाल, खजुराहो, पचमढ़ी और कई अन्य महत्वपूर्ण स्थान है. मध्यप्रदेश फिल्म निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है. मुम्बई के बाद मध्यप्रदेश का फिल्म जगत में अहम स्थान बन रहा है.

सहकारी सप्ताह का समापन

भोपाल, 20 नवंबर. अपेक्स बैंक मुख्यालय के छठवीं मंजिल स्थित सभागार में 71 वें सहकारी सप्ताह का समापन हुआ. कार्यक्रम को संबोधित हुए बैंक के पूर्व प्रबंध संचालक पी.एस.तिवारी ने कहा कि वैसे तो भारत में सहकारी आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1904 से हुई, लेकिन सहकारिता हमारे दैनिक जीवन के साथ अनादि काल से ही जुड़ी हुई है.

हमें ग्रामीण विकास के उत्थान हेतु सदैव प्रयास करते रहने चाहिए. नाबार्ड के उप महाप्रबंधक नन्दू नाइक ने कहा कि भारत की आबादी का 30 प्रतिशत क्षेत्र सहकारिता से

जुड़ा हुआ है, जबकि मध्यप्रदेश में लगभग 15 प्रतिशत आबादी इससे सम्बद्ध है. म.प्र.राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन ने कहा कि आधुनिक युग में नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से निरन्तर प्रगति की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है.

एक नजर में

भील कलाकार चित्र बनाकर सजा रहे दीवार

भोपाल. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में जनजातीय गौरव दिवस 2024 के अवसर पर लोक एवं जनजाति कलाकारों द्वारा चित्रांकन किया जा रहा है. संग्रहालय के प्रवेश द्वार क्रमांक एक पेरोल द्वार के पास दीवार पर गोंड, भील, उरांव, जनजाति के कलाकारों द्वारा चित्र बनाये जा रहे हैं. इस संबंध में प्रो अमिताभ पांडे ने बताया कि भीलों की विशाल सांस्कृतिक परंपरा उनके धार्मिक कृत्यों, उनके गानों तथा नृत्यों, उनके देवी-देवताओं, त्वचा के गोदना, पौराणिक गाथाओं तथा विद्या में अभिव्यक्त होती है. इस अंतरंग कला रूप का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के पेरोल प्रवेश द्वार पर आना होगा, यहाँ पर परंपरागत रूप से भील कलाकार अपने अनुभवों को व्यक्त करने के लिए संग्रहालय के दीवारों को सजा रहे हैं. भील कला सहज और मौलिक है, जो प्रकृति के जुड़ी हुई है.

दिल्ली में नेशनल एसेंबली कैंप में शामिल होंगे 4 बच्चे

भोपाल. नई दिल्ली में 20 से 23 नवंबर तक आयोजित नेशनल चिल्ड्रन एसेंबली एंड इंटीग्रेशन कैम्प में शामिल होने के लिए अभिनव बाल भवन के 4 बाल कलाकार दिल्ली के लिए रवाना हुए. ये चार बच्चे वैदिक पंचाल कक्षा 7, रिषभ डोडलियार कक्षा 8, लव कुमावत कक्षा 9 और नाकेश सिलावट कक्षा 7 अपने स्कार्ट सचिन पालीवाल के साथ दिल्ली गए हैं. उन्हें स्टेशन पर संचालक डा. रजिया खान एवं प्रोग्राम इंचार्ज नसरीन दिल्ली के लिए रवाना किया. इस वर्ष कार्यक्रम की थीम समृद्ध भारत रखी गई है.

ग्राम रायपुर में छात्राओं को साइकिल वितरित

भोपाल. फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रायपुर बेरसिया रोड के शासकीय हाई स्कूल रायपुर में कक्षा छठवीं एवं नौवीं के 14 छात्र छात्राओं को भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति शिक्षा समिति मोहन सिंह जाट ने साइकिलें वितरित की. इस अवसर पर प्राचार्य सुदेश कुमार शर्मा, सरपंच धारासिंह, शिक्षक मनोज कुमार एवं छात्राएं उपस्थित थीं.

सेवा सदन को प्रकाशचंद सावलानी के नेत्र दान



भोपाल. ईदगाह हिल्स निवासी 79 वर्षीय प्रकाशचंद सावलानी का बुधवार को देहावसान. उनके पुत्र विनोद सावलानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान कर दीं. दिवंगत के नेत्र दो जरूरतमंद लोगों प्रत्यारोपित किए जाएंगे. सेवा सदन अस्पताल ने अब तक 2160 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है. प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत प्रकाशचंद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा उनके नेत्रदान करने के लिए परिवारजन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है.

संविधान एक जीवंत दस्तावेज

एनएसएस व आरएनटीयू ने निकाली संविधान जागरुकता यात्रा

भोपाल, 20 नवंबर. संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व विधि संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सीएम राईज़ स्कूल रायसेन के सहयोग से संविधान जागरुकता यात्रा व रैली का आयोजन रायसेन में किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोनिका पटेल, सहायक संचालक शिक्षा विभाग, रायसेन ने कहा कि भारतीय संविधान केवल सूचनाओं, नियमों व कानूनों का संग्रह मात्र नहीं है बल्कि यह हमारे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानियों के विचारों व उनकी भावनाओं का जीवंत दस्तावेज है. कार्यक्रम अधिकारी गब्बर सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बताया कि किस तरह राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक संविधान की प्रस्तावना को आमजन तक लेकर जा सकते हैं. कार्यक्रम के सफल आयोजन में विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ नाइश ज़मीर, सहायक प्राध्यापक डॉ मेघा घुघुस्कर, मोहनी पाल, डॉ ध्वनि शर्मा, देव्या पांडे इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

> कार्यक्रम के सूत्रधार फिल्म निर्माता व लेखक रामपाल सिंह ने कहा कि संविधान जागरुकता यात्रा अथवा रैली लोगों को विचार करने व अपने अधिकारों के लिए लड़ने की ताकत देगी.

नवीन हायर सेकंडरी स्कूल ने जीती ट्रॉफी

- महापौर ट्रॉफी-2024 बालिका खो-खो इंटर स्कूल प्रतियोगिता
- सबनानी विजेता टीम को देंगे 11 हजार रुपए का इनाम

भोपाल, 20 नवम्बर. महापौर ट्रॉफी-2024 बालिका खो-खो इंटर स्कूल प्रतियोगिता का खिताब शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने मॉडल स्कूल टी.टी.नगर को पराजित कर जीता. तीसरे स्थान पर सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय रहा.

प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को प्रात: खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन

सहित महापौर परिषद के सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया. राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने फाईनल मैच के प्रारंभ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने तथा सेमीफाईनल मैच में विधायक भगवानदास सबनानी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका मनोबल बढ़ाया. महापौर ट्रॉफी का पुरस्कार वितरण महापौर मालती राय ने किया. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं ट्रैक सूट भेंट किए. प्रतियोगिता की बेस्ट आल राउंडर नवीन कन्या विद्यालय की संजना उईके को घोषित किया, बेस्ट अटैकर मॉडल स्कूल की रोशनी पाल तथा बेस्ट डिफेंडर नवीन कन्या विद्यालय की सानिया रही. विजेता टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा विधायक भगवानदास सबनानी की ओर से की गई. इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्यों एवं पार्षदगण ने महापौर राय का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया. प्रतियोगिता में शहर के 08 शासकीय विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया.

ईईआई की नई कार्यकारिणी गठित

निर्विरोध चेयरमैन चुने गए अशोक शर्मा, अवधेश चौबे मानद सचिव बने

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल. 20 नवंबर. राष्ट्र की सबसे बड़ी तकनीकी संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया ईईआई के भोपाल चेप्टर के बुधवार को हुई आमसभा में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें इंजी अशोक शर्मा चेयरमैन और अवधेश चौबे मानद सचिव निर्विरोध चुने गए. ये कार्यकारिणी 2024 से 2026 तक यानि दो साल कार्य करेगी.

इस मौके पर आमसभा को चेन्नई के टेक सीराकेम कंपनी के सीनियर मैनेजर इंजी. विजेश लाल ने संबोधित करते हुए नई कार्यकारिणी को बधाई और निवृतमान कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना की.

एमपी नगर जोन 2 स्थित गुरुकृपा होटल में संस्था की आयोजित आमसभा में नई कार्यकारिणी में रंजन श्रीवास्तव, राजेंद्र गौतम, डॉ भटेले, डा. एसएल शर्मा, प्रभात कुमार, महेश रघुवंशी, डॉ प्रशांत बुलबुल शुक्ला व सिविल, मैकेनिकल, विद्युत, आर्किटेक्ट, एयरोस्पेश, माइनिंग, सीएस आदि समेत 14 संकायों के चुनाव में विजयी घोषित किए गए.

उल्लेखनीय है कि ईईआई में देश के कई तकनीकि विशेषज्ञ और प्रतिष्ठा प्रौद्योगिक संस्थानों के व्यक्ति जुड़े हैं. इस संस्था का गठन 13 सितंबर 1920 को मद्रास में हुआ था. इसका मुख्यालय कलकत्ता और मध्य प्रदेश में प्रादेशिक कार्यालय भोपाल में रखा गया है. किंग जार्ज पंचम ने 1935 में रायल चार्टर प्रदान किया.

क्रिकेट : ओरिएंटल राधारमण ग्रुप पहुंचे सेमीफाइनल में

भोपाल, 20 नवंबर. राधारमण समूह क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बुधवार को ओरिएंटल और राधारमण ग्रुप ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पहले मुकाबले में ओरिएंटल ने यूआईटी आरजीपीवी को 4 विकेट से हराया. यूआईटी आरजीपीवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 108 रन बनाए. टीम के बल्लेबाज सिद्धार्थ सिंह ने 17 गेंदों में 29 रनों की पारी खेली. गेंदबाजी में ओरिएंटल के रवि सिंह और विक्की यदुवंशी ने 3-3 विकेट झटके. 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओरिएंटल की टीम ने 18.5 ओवर में 6 विकेट

वड़ोदरा में दुर्गा ने जीता गोल्ड

- 46वीं अंतरराज्यीय शतरंज प्रतियोगिता

भोपाल 20 नवंबर. ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा वडोदरा में आयोजित पुरूष एवं महिला संवर्ग की अखिल भारतीय पॉवर सेक्टर बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता में एमपी पॉवर सेक्टर टीम भोपाल की सदस्य दुर्गा मालाकार ने गोल्ड मेडल हासिल किया है.

प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात ऊर्जा विकास निगम द्वारा वडोदरा (गुजरात) में किया गया. इसमें इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की गुजरात, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उतराखंड, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश की टीमों ने हिस्सा लिया. महिलाओं की शतरंज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पॉवर सेक्टर टीम के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया.

कार्यशाला | बरकतउल्ला विवि में 'नारी शक्ति' एवं 'हिंसा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का मंचन

स्वस्थ समाज के लिए लैंगिक समानता पर चर्चा जरूरी : प्रो. जैन

भोपाल, 20 नवंबर. एक स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु समाज में हर क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने एवं युवाओं में लैंगिक संवेदीकरण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन विभाग द्वारा बुधवार को लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन पीएम उषा गतिविधियों के अंतर्गत किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान, समानता एवं समावेशी संस्कृति को बढ़ावा देना था.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.एस के जैन ने कहा कि

भारतीय ज्ञान परंपरा में लैंगिक समानता समाहित है. एक स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु युवाओं के साथ लैंगिक संवेदीकरण विषय पर चर्चा बहुत आवश्यक है. महिला अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रुचि घोष दस्तीदार ने कि कार्यशाला का उद्देश्य लैंगिक दृष्टि से हमारी प्रतिबद्धताओं पर पुनर्विचार कर लैंगिक रूढ़िवादिता एवं पूर्वाग्रहों को तोड़कर लैंगिक संवेदीकरण एवम समावेशी वातावरण की दिशा में आगे बढ़ना है. इस अवसर पर पी एम उषा गतिविधियों के नोडल अफसर एवं डिपार्टमेंट ऑफ़ एप्लाइड एक्वाकल्चर के विभागाध्यक्ष प्रो. विपिन व्यास ने पीएम उषा के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में लैंगिक संवेदीकरण से सम्बंधित गतिविधियों पर प्रकाश डाला.

आज 20 इलाकों में बिजली कटौती

भोपाल, 20 नवंबर. बिजली वितरण कंपनी गुरुवार को शहर के 20 से अधिक इलाकों में मेंटेनेंस करेगी, इसके चलते इन इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. गुरुवार को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक ओम नगर, प्रतीक नगर. सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक नीम रोड, जिंसी, बैंक कॉलोनी. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लक्ष्मी परिसर, तिलक नगर, डीके कॉटेज और सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक ईदगाह हिल्स, टीबी हॉस्पिटल, ईएमआरआई, बीडीए कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी, इंद्रा विहार, पंचवटी एवं आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.